हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार 18 जुलाई 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

4
जनकपुर में बारिश नहीं होने से सूखने लगी फसल



## खबर संक्षेप

### सेजेस महलपारा में रिक्त सीटों पर मिलेगा प्रवेश

**बैकुण्ठपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय महलपारा बैकुण्ठपुर में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ऑफलाईन आवेदन पत्र मंगाए गए हैं। उक्त विद्यालय के प्राचार्य से मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय में कुछ विद्यार्थियों द्वारा अन्य विद्यालयों में प्रवेश लेने के कारण कक्षा 3 री में एक सीट, कक्षा 5 वी में रिक्त 2 सीट तथा कक्षा 6 वी में रिक्त एक सीट के लिए प्रवेश के लिए ऑफ लाईन आवेदन 17 जुलाई से प्रारंभ हो गया है जो आगामी 22 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य राजीव कुमार जायसवाल ने बताया कि निर्धारित रिक्त सीटों से अधिक विद्यार्थियों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त होने की स्थिति में लॉटरी के आधार पर विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। अभिभावक प्रवेश हेतु फार्म विद्यालय से प्राप्त कर सकते है।

### एसपी ने रक्षित केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**बैकुंठपुर।** नए पुलिस अधीक्षक हरिश राठौर (भा.पु.से.) ने रक्षित केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निमार्णाधीन भवन, शस्त्रागार, वाहन शाखा, स्टोर शाखा सहित विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण कर तैनात पुलिस बल एवं उपलब्ध संसाधनों की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान एसपी ने रक्षित केंद्र परिसर की स्वच्छता, अनुशासन, सुरक्षा व्यवस्था तथा संसाधनों की स्थिति का अवलोकन किया और आवश्यक सुधार एवं रखरखाव के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना तथा कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखना है। इसके लिए प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करना चाहिए। इस दौरान रक्षित निरीक्षक नीतिश आर. नायर ने पुलिस अधीक्षक को रक्षित केंद्र की व्यवस्थाओं, उपलब्ध संसाधनों तथा आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के समय उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर, रक्षित निरीक्षक नीतिश आर. नायर, सूबेदार सुनील खूंटे एवं रक्षित केंद्र के सभी शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

### हरचौका स्कूल का किया निरीक्षण

**जनकपुर।** हरचोका भ्रमण के दौरान भारतीय जनता पार्टी जनकपुर मंडल महामंत्री दिनेश दीवान,युवा मोर्चा जिला मंत्री कुलदीप तिवारी, मंडल मंत्री राजा तिवारी, शाला प्रबंधन अध्यक्ष गेंदलाल सिंह एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ हरचोका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन व्यवस्था में गंभीर लापरवाही एवं अनियमितताएँ सामने आईं, जो अत्यंत चिंताजनक हैं। प्रदेश सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये व्यय कर रही है, लेकिन संबंधित स्व-सहायता समूह की गैर-जिम्मेदाराना कार्यप्रणाली के कारण बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पोषणयुक्त भोजन नहीं मिल पा रहा है। इस पूरे मामले की जिम्मेदारी केवल संबंधित समूह की ही नहीं, बल्कि विद्यालय प्रबंधन की भी है। बच्चों के स्वास्थ्य एवं भविष्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था में सुधार सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। भरतपुर ब्लॉक के अन्य सभी स्कूलों के मध्याहन भोजन की जांच और स्थिति सुधारने के निर्देश दिए गए हैं।

### एमसीबी के खड़गवां जनपद के फुनगा पंचायत के भाटाटोला का मामला

# जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंच रहे मासूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के खड़गवां जनपद क्षेत्र में बरसात के दौरान शिक्षा व्यवस्था की एक गंभीर तस्वीर सामने आई है।

ग्राम पंचायत फुनगा के भाटाटोला (वार्ड क्रमांक-11) के प्राथमिक से लेकर हाई स्कूल तक के छात्र-छात्राएं रोजाना जान जोखिम में डालकर उफनती नेवरी धार नदी पार कर विद्यालय पहुंचने को मजबूर हैं। बरसात में नदी का जलस्तर बढ़ने और तेज बहाव के बावजूद बच्चों का इसी रास्ते से आवागमन हो रहा है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार सामान्य दिनों में भी छोटे

ऐसे स्कूल जाते हैं बच्चे...



बच्चों के लिए नदी पार करना आसान नहीं होता, लेकिन बारिश के मौसम में स्थिति बेहद भयावह हो जाती है। नेवरी धार नदी से कुछ दूरी पर बुधरा नदी का संगम होने के कारण बरसात में पानी का बहाव और अधिक तेज हो जाता है। ऐसे में बच्चों को स्कूल भेजने को लेकर अभिभावक हर दिन चिंता में रहते हैं। कई बार जलस्तर अधिक होने पर छोटे बच्चे स्कूल भी नहीं जा पाते, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। भाटाटोला में लगभग 25 परिवार निवास करते हैं। इन परिवारों के 15 से 20 बच्चे प्रतिदिन नदी पार कर ग्राम फुनगा स्थित प्राथमिक, माध्यमिक और हाई स्कूल में अध्ययन के लिए जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से पुल निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नेवरी धार नदी पर जल्द पुल का निर्माण कराया जाए। जब तक स्थायी व्यवस्था नहीं होती, तब तक बरसात के मौसम में सुरक्षित वैकल्पिक आवागमन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए, ताकि मासूम बच्चों को शिक्षा के लिए अपनी जान जोखिम में न डालनी पड़े।



## जिले में झमाझम बारिश से किसानों के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मानसून के फिर से सक्रिय होने से कोरिया जिले में तीसरे दिन भी झमाझम बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल गए है।

बारिश की गतिविधि बीच में थम जाने के कारण खेती किसानी का कार्य प्रभावित हो गया था लेकिन बुधवार से पुनः जिले भर में बारिश की गतिविधियॉ शुरू हो गई और इसके बाद से रोज बारिश झमाझम हो रही है इससे खेतो मे पानी जमा हो ने लगा। इसके पहले कई दिनों तक बारिश नही होने के कारण खेतो में सूखे की स्थिति बन गई थी इसके चलते कई खेतों में दरारें भी दिखाई देने लगी थी। इसी बीच फिर से रूठे मानसून के सक्रिय होने सेक खेतों में फिर से रौनक लौट गई। कोरिया जिले के बकुठपुर व सोनहत जनपद अंतर्गत कई क्षेत्रों में शुक्रवार को दोपहर के समय झमाझम बारिश से क्षेत्र को तर बतर कर दिया और खेतों में पानी जमा हो गए। इसके साथ ही खेतों में रोपा लगाने वाले धान का रोपा लगाने में जुट गए। जिले में कुछ दिनों से बारिश के थम जाने के कारण खेतों में पानी के कमी के कारण धान रोपाई का कार्य रूक गया था। अब बारिश के होने के साथ ही धान रोपाई कार्य जोर पकड़ने लगा। बारिश की कमी से पिछडी खेती इस वर्ष समय पर मानसून की सक्रियता नही रही देरी से मानसून के सक्रिय रहने का असर खेती किसानी कार्य पर पडा। शुरूआत में अचछी बारिश हुई इसके बाद बीच में बारिश की गतिविधि रूक गई थी। इससे चलते कुछ दिन खरीफ की फसल की रोपा कार्य पिछड़ गई है लेकिन वर्तमान में जिस तरह से पानी बरसना शुरू हुआ है इसी तरह का हाल कुछ दिन और रहा तो धान पौधों की रोपाई कार्य तेजी आएगी और पिछड़ती खेती को संभाला सकेगा।

■ खेती किसानी कार्य ने पकड़ी रफ्तार

## आजादी के 79 साल बाद भी कुदरापा में नहीं खुला प्राथमिक स्कूल, 20 किमी दूर पढ़ने को विवश बच्चे

**जनकपुर।** सरकार एक ओर ‘हर बच्चे को शिक्षा’ और ‘हर गांव तक स्वास्थ्य सुविधा’ पहुंचाने का दावा करती है, वहीं एमसीबी जिले के भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के वनांचल ग्राम कुदरापा (पा.) की तस्वीर इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। आजादी के 79 वर्ष बाद भी गांव में न तो प्राथमिक स्कूल है और न ही उपस्वास्थ्य केंद्र। इसके चलते छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षा के लिए प्रतिदिन 20 से 25 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, जबकि बीमार होने पर ग्रामीणों को भी लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इन बुनियादी सुविधाओं की मांग वर्षों से लंबित रहने से नाराज ग्रामीण अब अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कलेक्टर शिविर, जनसमस्या नवारण शिविर और प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार आवेदन और ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन अब तक केवल आश्वासन मिले, समाधान नहीं। ग्रामीण महिला सीताबाई ने बताया कि छोटे बच्चों को रोज इतनी दूर पढ़ने भेजना हर परिवार के लिए चिंता का विषय है। दूरी और सुरक्षा की वजह से कई बच्चे नियमित रूप से स्कूल नहीं जा पाते और कुछ पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। उन्होंने गांव में तत्काल प्राथमिक स्कूल खोलने की मांग की। ग्रामीण राजेश ने कहा कि पिछले 15 से 20 वर्षों से गांव के लोग अपनी समस्याओं को लेकर लगातार आवेदन दे रहे हैं। कई ग्रामीण अशिक्षित हैं, इसलिए दूसरों से आवेदन लिखवाकर प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाते रहे, लेकिन उनकी मांगें आज भी अधूरी हैं।

■ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे ग्रामीण



मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष महेश चौधरी ने बताया कि ग्रामीणों के साथ वे अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। संगठन ने कई बार भरतपुर एसडीएम को ज्ञापन देकर गांव में प्राथमिक स्कूल और उपस्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग की, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जब तक दोनों सुविधाएं शुरू नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। अब निगाहें प्रशासन पर हैं कि वर्षों से उपेक्षित इस गांव की बुनियादी मांगों पर कब तक ठोस कार्रवाई होती है।

## 10 स्थायी वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**बैकुण्ठपुर।** नवागत पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेशा चौबे के निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा स्थायी वारंटियों के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत थाना पटना पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के पदभार ग्रहण करने के बाद से अब तक करीब 10 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। न्यायालय के आदेश पर सभी गिरफ्तार वारंटियों को जिला जेल बैकुंठपुर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से लंबे समय से न्यायालय की कार्यवाही से बच रहे फरार आरोपियों में कानून का भय बढ़ा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में फरार वारंटियों और



वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान जारी है। जिला पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि फरार अपराधियों या स्थायी वारंटियों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

## पति सहित परिवार के अन्य लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**अम्बिकापुर।** कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुनिया निवासी मिनी यादव पति अनोज यादव द्वारा आत्महत्या करनेके मामले में मर्ग जांच के दौरान पुलिस को मृतिका के पिता संजय यादव ने मृतिका के पति अनोज यादव सहित गोवर्धन यादव, भुनेश्वरी यादव व आरती यादव पर दहेज में गाडी, सोना, नगदी लाने की बात कह प्रताड़ित करने एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। मृतिका के परिजन के बयान के आधार पर पुलिस ने पति सहित गोवर्धन, भुनेश्वरी व आरती के विरूद्ध धारा 3(5), 80(2) का अपराध दर्ज किया है।

## करंट से गाय की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

**बरबसपुर।** बरबसपुर बाजारपारा स्थित ट्रांसफार्मर के पास खुले विद्युत प्रवाह की चपेट में आने से एक जर्सी गाय की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति भारी नाराजगी है।

ग्रामीणों ने बताया कि इसी स्थान पर दो दिन पहले भी एक गाय करंट की चपेट में आ गई थी। उस समय ग्रामीणों ने तत्काल बिजली विभाग के कर्मचारियों को सूचना देकर गाय को सुरक्षित हटवाया था तथा ट्रांसफार्मर के आसपास फैले करंट की समस्या को दूर करने की मांग की थी। आरोप है कि सूचना के बावजूद बिजली विभाग ने आवश्यक मरम्मत या सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए। विभाग की कथित लापरवाही के कारण



शुक्रवार को एक और जर्सी गाय करंट की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से ट्रांसफार्मर के आसपास की खराब विद्युत व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने, खुले करंट की समस्या समाप्त करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की है।

## बडेरा प्राथमिक शाला समय से पहले बंद करने का आरोप


हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

विकासखंड भरतपुर के दूरस्थ वनांचल ग्राम बडेरा की शासकीय प्राथमिक शाला एक बार फिर गंभीर शिकायतों को लेकर चर्चा में है। ग्रामीणों ने विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों पर नियमित समय से पहले स्कूल बंद करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शिक्षकों की कथित लापरवाही के कारण करीब 20 से 22 बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और उनका भविष्य संकट में पड़ता जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार बडेरा लगभग 30 घरों की छोटी एवं दुर्गम बस्ती है, जहां आज भी मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधा बेहद कमजोर है। ग्रामीणों का आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर कुछ शिक्षक अपनी सुविधा के अनुसार विद्यालय का संचालन करते हैं। उनका कहना है कि शिक्षक उपस्थिति दर्ज कराने के बाद कुछ समय तक स्कूल में रहते हैं और फिर दोपहर करीब 1 से 2 बजे के बीच विद्यालय बंद कर चले जाते हैं। स्कूल बंद होते ही बच्चे पहुंच जाते हैं तालाब और जंगल ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल समय से पहले बंद होने के बाद मासूम बच्चे गांव में इधर-उधर भटकते नजर आते हैं। कोई तालाब में मछली पकड़ता दिखाई देता है तो कोई जंगल की ओर निकल जाता है। अभिभावकों का कहना है कि जब बच्चे विद्यालय में होने चाहिए, तब उनका इस तरह घूमना उनकी सुरक्षा और शिक्षा—दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। ‘गुरुजी स्कूल लगाकर चले जाते हैं’ ग्रामीण रामकुंवर गांव के निवासी रामकुंवर ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह स्थिति नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से चली आ रही है। उन्होंने कहा, ‘गुरुजी स्कूल लगाकर कुछ देर बाद चले जाते हैं। इससे बच्चों की नियमित पढ़ाई नहीं हो पाती और उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार जब इस संबंध में शिक्षकों से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रतिदिन समय से पहले बंद नहीं किया जाता, बल्कि कभी-कभार ही ऐसी स्थिति बनती है। हालांकि ग्रामीण इस जवाब से संतुष्ट नहीं हैं। उनका दावा है कि अधिकांश दिनों में स्कूल निर्धारित समय से पहले बंद कर दिया जाता है। जांच और निगरानी की मांग ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, विद्यालय की नियमित निगरानी तथा आरोप सही पाए जाने पर संबंधित शिक्षकों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की मांग की है।

■ ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से की निष्पक्ष जांच की मांग

## वनांचल की अनमोल धरोहर बना हर्रि का पहाड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

विकासखंड भरतपुर के दूरस्थ वनांचल में स्थित ग्राम पंचायत बेनीपुरा का हर्रि गांव अपनी प्राकृतिक सुंदरता, धार्मिक आस्था और रहस्यमयी लोककथाओं के कारण क्षेत्र की एक विशिष्ट पहचान बनाता जा रहा है।

लगभग 600 से 700 की आबादी वाले इस गांव के बीच स्थित हर्रि का पहाड़ प्रकृति, संस्कृति और लोकविश्वास का ऐसा अद्भुत संगम है, जहां पहुंचते ही घने जंगल, शांत वातावरण और पहाड़ियों की मनमोहक छटा हर किसी को आकर्षित करती है। चारों ओर फैले सघन वन, ऊंची-नीची पहाड़ियां, स्वच्छ हवा और पक्षियों का मधुर कलरव इस स्थल को प्रकृति प्रेमियों के लिए विशेष बनाते हैं। वर्षा ऋतु में हरियाली से आच्छादित यह पूरा क्षेत्र अपनी प्राकृतिक छटा से और भी रमणीय दिखाई देता है। गुफा से मिला शिवलिंग, आज आस्था का केंद्र ग्रामीण बुजुर्ग मनराज के अनुसार पहाड़ी के नीचे स्थित एक प्राचीन गुफा में भगवान शिव का स्थान हुआ करता था। समय के साथ गुफा ध्वस्त हो गई और वहां स्थापित शिवलिंग मिट्टी में दब गया। बाद में ग्रामीणों एवं तत्कालीन सरपंच की पहल पर खुदाई कर शिवलिंग को बाहर निकाला गया और वर्तमान शिव मंदिर में स्थापित किया गया। आज यह मंदिर आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। ग्रामीण भैयालाल भी बताते हैं कि यह गुफा उनके पूर्वजों के समय से मौजूद थी और वर्षों बाद शिवलिंग को पुनः स्थापित कर नियमित पूजा-अर्चना शुरू की गई। डाइन माता की गुफा से जुड़ी लोकआस्था पहाड़ी पर स्थित एक अन्य गुफा को लेकर भी ग्रामीणों में गहरी आस्था है। स्थानीय लोकमान्यता के अनुसार यहां डाइन माता का निवास माना जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की सुख-समृद्धि और अनिष्ट से रक्षा की कामना के लिए प्रत्येक तीन वर्ष में विशेष पूजा आयोजित की जाती है तथा परंपरागत रूप से बकरे की बलि देने की प्रथा भी रही है। ग्रामीण भूरा बैगा बताते हैं कि उनके समुदाय में डाइन देवी को ⏭ शेष पेज 4 पर

■ पहाड़ियों की मनमोहक छटा लोगों को करती है आकर्षित

### 10 दिन में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश

# रिकॉर्ड अद्यतन नहीं मिलने पर कर्मी को फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने शुक्रवार को सोनहत तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण कर राजस्व कार्यों की प्रगति, लंबित प्रकरणों तथा कार्यालयीन व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।

■ तहसील कार्यालय में कलेक्टर का औचक निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कर अभिलेखों, पंजी संधारण और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी। तहसील कार्यालय पहुंचते ही कलेक्टर ने



लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली और विभिन्न पंजी एवं अभिलेखों का अवलोकन किया। समय पर रिकॉर्ड अद्यतन नहीं मिलने पर उन्होंने संबंधित कर्मचारी को फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अभिलेख नियमित रूप से अद्यतन रखे जाएं, ताकि आम नागरिकों को समय पर सेवाएं उपलब्ध हो सकें। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय के प्रत्येक कक्ष, नाजिर शाखा, कानूनगो शाखा तथा रिकॉर्ड कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों से उनके कार्यों की जानकारी ली और कार्यालयीन व्यवस्था, अभिलेख संधारण एवं कार्य निष्पादन की समीक्षा की। उन्होंने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र ⏭ शेष पेज 4 पर

### एडीएम ने भी जताई नाराजगी

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर (एडीएम) सुरेन्द्र वैद्य ने सोनहत तहसीलदार संजय राठौर से जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और विलंब पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि आवेदकों से केवल आवश्यक दस्तावेज ही मांगे जाएं तथा पात्र हितग्राहियों को बिना अनावश्यक विलंब के तत्काल प्रमाण पत्र जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद नागरिकों को समय पर दस्तावेज उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### चैनपुर में करियर काउंसिलिंग

**मनेन्द्रगढ़।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत युवा कौशल दिवस के अवसर पर बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य को नई दिशा देने के उद्देश्य से शासकीय माध्यमिक शाला चैनपुर में कैरियर काउंसलिंग सत्र के दूसरे दिवस का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर संतन देवी जांगड़े के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त सहयोग से किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन जिला महिला सशक्तिकरण मिशन शक्ति की जिला मिशन समन्वयक तारा कुशवाहा द्वारा किया गया।






# हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम

**प्रथम पुरस्कार**
वासिंग मशीन





रजनी कौशिक

**द्वितीय पुरस्कार**
इंडक्शन





कामिनी पटेल

**तृतीय पुरस्कार**
मिक्सर ग्राइंडर





काव्या कौशिक

**चतुर्थ पुरस्कार**
इलेक्ट्रिक आयरन





पूजा सिन्हा

## विशेष पुरस्कार



रेखा वर्मा



दिव्यांशी थवाईत



अदिती खरे



युविका कश्यप



अपूर्वा कौशिक

## सांत्वना पुरस्कार जिला-कोरबा



दिशीता सपहा, अमृता देवांगन, सरला पांडेय, मालती सराफ, शिल्पी उपाध्याय, सपना श्रीवास, श्रुति सोनी, आशमा खातून, रेनू कैवर्त, शांति बाई

## सांत्वना पुरस्कार जिला-सरगुजा



अभिलाषा सिन्हा, पूनम विश्वकर्मा, सोनल श्रीवास्तव, आशा सिन्हा, शैली सिन्हा, संस्कृति श्रीवास्तव, कविता सराठे, दीपा गुप्ता, मौसम, पूजा गोयल

## सांत्वना पुरस्कार जिला-जांजगीर



दीपिका श्रीवास, चमेली साहू, कामिनी जायसवाल, सीता बाई साहू, आभा शुक्ला, फिंगेश्वरी आदित्य, आकांक्षा साहू, सोनाली जायसवाल, बबली साहू, भारती साहू

## सांत्वना पुरस्कार जिला-कोरिया



दीपिका चाँद, परिभाषिका, दीपा यादव, धनेश्वरी, खुशबू देवी, रेखा उपाध्याय, संजू ठाकुर, जसीना खातुन, प्रियंका सिंह, राजकुमारी यादव

## सांत्वना पुरस्कार जिला-रायगढ़



नीलम सिंह ठाकुर, नीता सारथी, सरस्वती चौहान, शोभा ठाकुर, अर्पणा राय

**पुरस्कार वितरण की सूचना अतिशीघ्र दी जाएगी... पढ़ते रहिए हरिभूमि...**

## खबर संक्षेप

### शानू कश्यप बने एमसीबी के भाजपा युवा मोर्चा प्रभारी

**अंबिकापुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा प्रदेश महामंत्री व मोर्चा प्रभारी अखिलेश सोनी के सहमति से भाजयुमो छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टीकरिहा द्वारा संभाग प्रभारी जिला प्रभारियों की घोषणा की गई। इस दौरान शानू कश्यप प्रदेश कार्यसमिति सदस्य को एमसीबी जिले का प्रभारी नियुक्त करते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। शानू कश्यप लम्बे समय से भाजपा युवा मोर्चा के सक्रिय नेता के साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय है। शानू कश्यप को सामाजिक कार्यों के लिए सन-2019-20 में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल द्वारा पुरुष्कृत भी किया गया है। शानू पूर्व में भाजयूमो के सरगुजा जिला उपाध्यक्ष, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख, नगर कोषाध्यक्ष की ज़िम्मेदारी निभा चुके है।



### ढाई साल पुरानी रील पर पुलिस ने दर्ज किया अपराध

**अंबिकापुर।** मैनपाट में रील बनाने के एक ढाई साल पुराने मामले में सरगुजा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के साथ ही स्टंट बाजी करने के मामले में पुलिस ने प्रकाश साहू के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बता दें कि मैनपाट के कमलेश्वरपुर पुलिस द्वारा शहर के दर्रीपारा निवासी प्रकाश साहू के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आरोप है कि 10 जुलाई को पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि मैनपाट में सीजी 04 एच 2405 वाहन खुली जीप में कुछ लोगों द्वारा खतरनाक तरीके से यातायात नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। जीप के चालक प्रकाश साहू द्वारा खतरनाक ढ़ग से वाहन को चलाकर रास्ते में आने जाने वाले राहगीर सहित अन्य वाहन चालकों तथा आमजनता के जीवन सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न करने लगा। इस स्टंट बाजी का वीडियो पुलिस को उपलब्ध कराया गया। ऐसे में इस वीडियो के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 281,125 व एमवी एक्ट की धारा 184 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। हालांकि यह पूरा मामला 2 जनवरी 2024 का बताया जा रहा है जिसमें प्रकाश साहू और उनके साथियों ने मैनपाट में एक रील बनाया था। अब इसी रील को आधार बनाकर पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई है।

### 18 माह से आंबा कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का नियुक्ति अधर में लटका

**लखनपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय के द्वारा 18 माह पूर्व में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं के 21 पद हेतु नियुक्ति विज्ञापन जारी किया गया था। विकासखंड लखनपुर के विभिन्न ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का कुल 21 पद हेतु कल 240 लोगों द्वारा फार्म जमा किया गया था। पिछले 18 महीना से विभाग द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ किया गया है लेकिन आज तक नियुक्ति नहीं किया गया जिससे क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की नियुक्ति देरी होने से लोग परेशान है। इस नियुक्ति प्रक्रिया में चार समिति सदस्य के रूप में परियोजना अधिकारी,स्वास्थ्य विभाग बीएमओ, खंड शिक्षा अधिकारी एवं जनपद सीईओ द्वारा आवश्यक दस्तावेजों का जांच के बाद पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाता है। लेकिन आज तक नियुक्ति नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि महिला बाल विकास में पदस्थ लेखापाल एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा जांच में कई अभ्यर्थियों का आवश्यक दस्तावेज को काट छांट किया गया है जिसमें ग्राम पंचायत गोरता झावर पारा अभ्यर्थी श्रीमती सोनमती पति स्व. पंचराम द्वारा फार्म जमा किया गया था। इसके बावजूद भी जांच में यह बताया गया है कि आठवीं के अंक सूची के अंक तालिका में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रमाणित हस्ताक्षर नहीं कराया गया है। जबकि अभ्यर्थी द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी और प्रधान पाठक द्वारा प्रमाणित हस्ताक्षर कराकर के रिजल्ट जमा किया गया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत केवरा के पूर्व सरपंच शैलेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि नियुक्ति प्रक्रिया में भारी अनियमितता किया जा रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका की नियुक्ति प्रक्रिया को जानबूझकर लंबा खींचा जा रहा है ताकि अपने चहेते व्यक्तियों का नियुक्ति कराया जा सके। पूर्व सरपंच शैलेंद्र द्वारा इसकी शिकायत कलेक्टर से की गई है ताकि निष्पक्ष जांच कर जल्द से जल्द नियुक्ति आदेश जारी किया जा सके।

### आयुष विभाग द्वारा आयोजित किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**सीतापुर।** गंभीर रोगों से बचाव एवं जनजागरूकता अभियान के तहत संचालक आयुष के आदेशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. शशिबाला जायसवाल के निर्देशानुसार बुधवार को साप्ताहिक बाजार में विकास खंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी डॉ एए अंसारी एवं उपस्थित चिकित्सकों द्वारा आयुष विभाग में शासन द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों तथा आयुर्वेद के अनुसार आहार विहार दिनचर्या ऋतुचर्या को अपना कर गंभीर रोगों से बचाव के उपाय बताए गए। इस दौरान शिविर में वात रोग, चर्मरोग, उदर रोग, मधुमेह, स्त्रीरोग, रक्तचाप आदि के 386 रोगी पहुंचे जिनका निःशुल्क उपचार करते हुए उन्हें रोग अनुसार दवा प्रदान की गई। शिविर में डॉ. श्रीमती आशा टोप्पो, डॉ. अमरनाथ ऊंजन, डॉ. मनीषा कंवर, डॉ. संतोष टोप्पो, फार्मासिस्ट राजेंद्र केरकेट्टा, सुनीता एक्का, सेवती भानु सिदार, महिपाल, औषधालय सेवक हरिराम राजेश कुमार, एम पीडब्ल्यू देवेश सिदार ने अपनी सेवाएँ दी।

## किसान महंगा दर पर खरीदने को मजबूर

# दुकानों में धड़ल्ले से बिक्री की जा रही अनाप-शनाप दर पर खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

**खास बात**

- शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

खेतों में जहां कुछ किसान धान रोपाई की तैयारी में है जबकि कई किसान धान रोपाई के लिए थरहा लगा रहे है तो वहीं मक्का की फसल अब विकसित होने लगे है। ऐसे में धान व मक्का की पैदावार अच्छी हो इसके लिए फसल में खाद की जरूरत है। इधर दुकान संचालकों द्वारा एकाएक खाद की कीमत बढ़ा देने से किसान परेशान है। शासन के निर्धारित दर से अधिक कीमत पर खाद बिक्री करने की शिकायत किसानों ने प्रशासन से की परंतु किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से दुकान संचालकों के हौसले बुलंद है।

लखनपुर क्षेत्र में खरीफ सीजन के दौरान क्षेत्र में खाद, बीज एवं कृषि दवाइयों की बिक्री तेज हो गई है, लेकिन किसानों को महंगे दामों पर सामग्री मिलने और नकली उत्पादों की आशंका से चिंता बढ़ गई है। किसानों का आरोप है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कई दुकानों में निर्धारित दरों से अधिक कीमत पर खाद-बीज बेचे जा रहे हैं, जबकि गुणवत्ता की जांच और निगरानी के लिए जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों की सक्रियता नजर नहीं आ रही है। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में खाद-बीज की कई दुकानें संचालित हो रही हैं, वहीं कुछ स्थानों पर खुले तौर पर भी कृषि सामग्री की बिक्री की जा रही है। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण, जांच या छापामार कार्रवाई नहीं किए जाने से दुकान संचालक के हौसले बुलंद है।




खाद-बीज दुकान।

**पड़ रहा अतिरिक्त भार**

किसानों ने बताया कि नगर सहित आसपास गांव में खुले आम खाद की कीमत बढ़ा कर बिक्री की जा रही है। किसानों के अनुसार वे खेती के लिए समिति, बैंक अथवा निजी स्रोतों से ऋण लेकर बीज, खाद और दवाइयां खरीदते हैं। ऐसे में यदि उन्हें निम्न गुणवत्ता या नकली उत्पाद मिल जाएं तो पूरी फसल प्रभावित हो जाती है। फसल उत्पादन घटने से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है और ऋण चुकाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। शासन के निर्धारित दर से ज्यादा कीमत पर खाद बेचने के बावजूद आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई जिससे किसानों को अतिरिक्त भार पड़ रहा है।

किसानों का आरोप है कि पूर्व में भी लखनपुर क्षेत्र में नकली खाद और बीज की बिक्री के मामले सामने आ चुके हैं। बावजूद इसके किसी प्रकार की सख्त कार्रवाई नहीं करना समझ से परे है। शासन की अनदेखी और कृषि विभाग की उदासीनता रवैया के कारण यह गोरखधंधा फल-फूल रहा है जिसका खामियाजा क्षेत्र के किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

**जांच व कार्रवाई की मांग**

किसानों का आरोप है कि कुछ दुकानदार निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर खाद-बीज बेच रहे हैं। कृषि विभाग द्वारा दुकानों की नियमित जांच, स्टॉक सत्यापन एवं मूल्य सूची का पालन सुनिश्चित कराया जाए ताकि किसानों को उचित दर पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध हो सके। इस वर्ष मौसम की अनिश्चितता पहले से ही किसानों की चिंता बढ़ा रही है। ऐसे में यदि खाद-बीज की गुणवत्ता और कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो किसानों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं। किसानों ने प्रशासन एवं कृषि विभाग से क्षेत्र में व्यापक जांच अभियान चलाकर दोषी पाए जाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

**कराई जाएगी जांच**

क्षेत्र के दुकानों में नकली खाद और महंगे दाम पर खाद बिक्री की जा रही है तो स्टाफ भेज कर जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत नकली खाद व महंगे दाम पर खाद बिक्री करते पाए जाने पर दुकान संचालक के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। किसान जो भी खाद बीज लेता है तो दुकानदार से रसीद अवश्य ले।

-पीतांबर सिंह दीवान
कृषि विभाग उप संचालक

# शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने जिले में शाला प्रवेशोत्सव, शिक्षा की गुणवत्ता, स्कूलों एवं छात्रावास की व्यवस्था तथा आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों की वीएसके ऐप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति तथा विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षकों की नियमित ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करवाने के निर्देश दिए। साथ ही जिन विद्यालयों में वीएसके ऐप में तकनीकी समस्या आ रही है, वहां पुनः लोकेशन मैपिंग कर समस्या का शीघ्र समाधान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं प्रोग्रामरों को दिए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत पाठ्यपुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करने, बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने के लिए शिक्षकों द्वारा अभिभावकों की काउंसलिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः विद्यालय से जोड़ने, बच्चों की बेसिक नॉलेज मजबूत करने तथा नवाचारों के माध्यम से शिक्षा को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। बैठक में विद्यालय भवनों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने नवीन भवनों का निर्माण शीघ्र पूरा करने तथा मरम्मत योग्य भवनों का प्राथमिकता के आधार पर सुधार कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्यालयों या छात्रावासों में पेयजल, बिजली एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां सोलर आधारित बिजली व्यवस्था स्थापित है, वहां किसी भी प्रकार की खराबी आने पर तत्काल सूचना देकर मरम्मत कराई जाए। जिन विद्यालयों में बिजली व्यवस्था उपलब्ध नहीं है या बाधित है, वहां की रिपोर्ट तैयार कर क्रेडा विभाग के समन्वय से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने देवगुड़ी निर्माण, छात्रावास में आवश्यक सुविधाओं, आदिवासी विकास प्राधिकरण अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति तथा छात्रावास की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रावासों में किचन, बेड, दरवाजे, खिड़कियां एवं भवनों की स्थिति बेहतर रखी जाए तथा पानी के रिसाव जैसी समस्याओं का निराकरण किया जाए। वर्षा ऋतु को देखते हुए छात्रावास एवं स्कूलों के भवनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, जर्जर भवनों का उपयोग पूरी तरह बंद रखने तथा बच्चों की सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए।

# फर्जी केसीसी ऋण प्रकरण एवं समिति प्रबंधक द्वारा आत्महत्या मामले में निष्पक्ष जांच की मांग



- किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** किसानों के नाम फर्जी केसीसी ऋण प्रकरण एवं दबाव में आकर समिति प्रबंधक द्वारा की गई आत्महत्या का मामला गरमाने लगा है। इस संबंध में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल निराला ने एसडीओपी से मुलाकात की और इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। विदित हो कि धान खरीदी वर्ष 2024-25 में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केरजु में 127 किसानों की आड़ में लगभग एक करोड़ 93 लाख का फर्जी केसीसी ऋण मामला प्रकाश में आया था। उक्त फर्जीवाड़े का खुलासा होने के बाद दबाव एवं मानसिक तनाव में आये समिति प्रबंधक दिनेश गुप्ता ने आत्महत्या कर ली थी। समिति प्रबंधक द्वारा आत्महत्या के बाद फर्जी केसीसी ऋण मामले में प्रभावित किसानों ने हंगामा मचाते हुए कलेक्टर से मिलकर जांच की मांग की थी। कलेक्टर ने टीम गठित कर फर्जी केसीसी ऋण प्रकरण की जांच कराई थी। एक महीने तक चले जांच के बाद जांच कमेटी द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पेटला के तत्कालीन शाखा प्रबंधक भूपेंद्र सिंह परिहार समेत आठ लोगो पर थाने में कई धाराओं के तहत अपराध दर्ज कराया गया था। उक्त मामला दर्ज होने के छः महीने बाद मृत समिति प्रबंधक के चचेरे भाई एवं पत्नी ने तत्कालीन शाखा प्रबंधक भूपेंद्र सिंह परिहार के विरुद्ध राशि गबन का एक और मामला दर्ज कराया है। पीड़ति परिवार ने तत्कालीन शाखा प्रबंधक भूपेंद्र सिंह परिहार पर मृत समिति प्रबंधक पर दबाव बनाकर 52 लाख रूपए हेराफेरी कर निकाल ली थी। यह मामला प्रकाश में आने के बाद भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल निराला एसडीओपी सीतापुर से मिले और निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में जिलाध्यक्ष अनिल निराला का कहना है कि इस मामले में केवल जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखा प्रबंधक एवं अन्य बैंककर्मी ही नही बड़े अधिकारियों की भी संलिप्तता होगी। क्योंकि करोड़ो का ऋण वितरण हुआ और ऋण वितरण के दौरान हुए फर्जीवाड़े की भनक अधिकारियों को न लगी हो ऐसा हो ही नही सकता। जिलाध्यक्ष ने ऋण स्वीकृति से जुड़े समस्त दस्तावेज, ऑडिट रिपोर्ट, डिजिटल अनुमोदन तथा विभागीय पत्राचार की जांच की मांग की है ताकि समिति प्रबंधक के आत्महत्या से जुड़े अन्य अधिकारी कर्मचारियों की भूमिका उजागर हो सके। उन्होंने कहा कि यह मामला केंद्रीय बैंक की शाख, किसानों का भरोसा और उनकी आड़ में किए गए फर्जीवाड़ा एवं सरकारी योजनाओं के राशि का दुरुपयोग का मामला है। ऐसे मामले में अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध जांच एवं उनकी संलिप्तता उजागर होने के बाद उनके विरुद्ध कार्यवाही होनी चाहिए ताकि भविष्य में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पर किसानों का भरोसा फिर से कायम हो सके।

इस संबंध में एसडीओपी राजेंद्र मंडावी ने निष्पक्ष जांच की बात कही है।

## युवा आयोग के अध्यक्ष ने किया हर्राटिकरा में पौधरोपण

- कहा-पंचवटी के रूप में खाली पड़े भूमि को करेंगे विकसित



**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर द्वारा ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में पीपल फॉर पीपुल अभियान के तहत सैकड़ो की संख्या में पौधरोपण कर उनके सुरक्षा का संकल्प लिया गया। पौधरोपण के अवसर पर विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा की वृक्षारोपण के साथ उसकी रक्षा तथा उचित देखभाल भी जरूरी है क्योंकि सिर्फ वृक्षारोपण करने से कोई पौधा वृक्ष नहीं बनता। उसकी समुचित देखभाल तथा रखरखाव भी उतना ही आवश्यक है। यह कार्यक्रम वन विभाग की भूमि जो ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में स्थित खाली पड़े भूमि पर किया गया। उसके आसपास लगातार ग्रामीणों के द्वारा भूमि कब्जा किया जा रहा है। उसकी सुरक्षा के लिए कटीले तार से इसकी घेराबंदी की गई तथा साइड में गड्ढे भी खोदकर मवेशियों से सुरक्षा का प्रबंध किया गया। 6 एकड़ से अधिक की इस भूमि में पीपल, बरगद नीम, आम, आंवला के पौधे लगाए गए तथा इसे पंचवटी के रूप में नामकरण भी किया गया। इस दौरान संतोष दास, पार्षद दीपक यादव, एल्डरमैन शरद सिन्हा, श्रीधर केसरी, भाजयुमो प्रदेश आईटी प्रमुख विकास शुक्ला चंदन, मनीष दुबे, पूर्व पार्षद कृष्ण कुमार शर्मा बल्लू, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह, हर्ष जायसवाल, दिगंबर यादव, राजू सिंह, अभिनंदन सिंह, प्रिंस चौबे, अकील साय मराबी, लव दुबे, मुकेश गिरी, दिलीप कश्यप, सुनील चौधरी, प्रेम दास, बड़हा राम, नितेश शरण सिंह आदि उपस्थित रहे।

# शिवनंदनपुर नगर पंचायत में प्रेसीडेंट-इन-काउंसिल का गठन

- अध्यक्ष रितेश जायसवाल ने सौंपी विभागीय जिम्मेदारियां

**बिश्रामपुर।** हाल ही में संपन्न हुए शिवनंदनपुर नगर पंचायत चुनाव के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश जायसवाल ने प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल का गठन कर दिया है। अध्यक्ष ने गत 9 जुलाई को मुख्य नगर पालिका अधिकारी को संबोधित पत्र में पीआईसी सदस्यों की सूची सौंपते हुए विभिन्न समितियों का दायित्व निर्धारित किया।

जारी सूची के अनुसार नगर पंचायत उपाध्यक्ष अंशुल गोयल को पदेन सदस्य के रूप में राजस्व एवं बाजार समिति की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वार्ड क्रमांक 4 की भाजपा पार्षद मंजू गोयल को विधि, सामान्य प्रशासन एवं सामान्य प्रयोजन समिति का सदस्य बनाया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 12 के भाजपा पार्षद मनी बग्गा को शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है।

वार्ड क्रमांक 7 की भाजपा पार्षद अंजली राजवाड़े को आवास, पर्यावरण, लोक निर्माण एवं जल कार्य समिति की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं वार्ड क्रमांक 5 की कांग्रेस पार्षद विमला सिंह को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, स्वास्थ्य एवं अस्पताल समिति का सदस्य बनाया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश जायसवाल ने पीआईसी गठन की सूचना संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, अटल नगर (रायपुर) तथा संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, सरगुजा संभाग को भी प्रेषित कर दी है। अध्यक्ष द्वारा घोषित पीआईसी में विपक्ष को भी खासा महत्व दिया गया है।

विपक्ष के दो पार्षदों को पीआईसी में जगह दी गई है। नगर पंचायत में पीआईसी के गठन के साथ ही अब विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के संचालन और प्रशासनिक निर्णयों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

### प्रवेश उत्सव में अतिथियों ने किया नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत

**लखनपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमगवां में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगा व मुंह मीठा करा शाला प्रवेश दिलाया। प्राचार्य रमेश सिंह ने शाला की उपलब्धियों और मांगें अतिथियों के समक्ष रखी। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव ने नवप्रवेशी छात्रों को शिक्षा का जीवन में महत्व बताया तथा विद्यालय में अधिकाधिक उपस्थिति की बात कही। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती शशिकला सिंह, उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े, भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका यादव ने नवप्रवेशी बच्चों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों के द्वारा शाला-परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान समस्त शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित थे।

## हाई स्कूल सोनतरई में मनाया गया शाला प्रवेश

**उदयपुर।** विकासखंड उदयपुर के शासकीय हाई स्कूल सोनतरई में नवीन शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव उत्साह पूर्वक आयोजित कर बच्चों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक सिंघल एवं विशिष्ट अतिथियों में नवल साय, चंद्रमा सिंह, सुखराम यादव, अशोक बंसल, अमन अग्रवाल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को निःशुल्क किताब का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दीपक सिंगल ने कहा बच्चों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छता, अनुशासन तथा शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी दी।

# संस्कार से होता है सुसंस्कृत समाज का निर्माण : चिंतामणि महाराज

**डांड़गांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसा में जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह, डीईओ दिनेश शर्मा के आतिथ्य एवं जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह की अध्यक्षता में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।

समारोह में अतिथियों के स्वागत उपरांत राधिका केसरी ग्रुप, वेदिका केसरी और अंजलि ग्रुप ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान कक्षा नवमी के नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और मिठाई खिलाकर पुस्तकें वितरित की गई। कार्यक्रम में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेघावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य जनार्दन सिंह ने विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.दिनेश झा ने विद्यालय के अनुशासन, शैक्षणिक गतिविधियों और अन्य क्रियाकलापों की सराहना की। उन्होंने पालकों से अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने का अह्वान किया। जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह ने विद्यार्थी जीवन में संस्कार और माता-पिता एवं गुरूजनों के सम्मान का महत्व बताया। श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया ने विद्यालय के अनुशासन और शिक्षकों के समर्पण की प्रशंसा की। सांसद चिंतामणि महाराज ने विद्या अध्ययन के लिए परिश्रम को अनिवार्य बताया तथा कहा कि बच्चों में संस्कार का होना जरूरी है। इससे सुसंस्कृत समाज का निर्माण होता है। अतिथियों ने पुस्तकालय कक्ष क्षितिज ज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया। अंत में अतिथियों ने विद्यालय प्रांगण में अशोक के पौधों का रोपण किया।



TOP IN KORIYA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

भास्कर आई केयर
BHASKAR EYE CARE
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### पति सहित परिवार के अन्य लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुनिया निवासी मिनी यादव पति अनोज यादव द्वारा आत्महत्या करनेके मामले में मर्ग जांच के दौरान पुलिस को मृतिका के पिता संजय यादव ने मृतिका के पति अनोज यादव सहित गोवर्धन यादव, भुनेश्वरी यादव व आरती यादव पर दहेज में गाडी, सोना, नगदी लाने की बात कह प्रताड़ित करने एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। मृतिका के परिजन के बयान के आधार पर पुलिस ने पति सहित गोवर्धन, भुनेश्वरी व आरती के विरूद्ध धारा 3(5), 80(2) का अपराध दर्ज किया है।

### दुकान संचालक ने किया आदिवासी युवती से छेड़खानी, अपराध दर्ज

**रामानुजगंज**। नगर स्थित एक दुकान संचालक द्वारा उसी के दुकान में काम करने वाली युवती से छेड़छाड़ और अश्लीलता करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई किया जा रहा है। शहर में संचालित एक श्रृंगार की दुकान में काम करने वाली लड़की के साथ दुकान संचालक द्वारा छेड़खानी का मामले सामने आने के बाद पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर एट्रोसिटी एक्ट सहित बीएनएस की धारा 64 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी दुकान संचालक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक तौकीर रजा महावीरगंज गांव का रहने वाला है जो रामानुजगंज में श्रृंगार की दुकान का संचालन करता है। उसके दुकान में काम करने वाली आदिवासी समाज की पीड़िता के साथ उसने जबरन छेड़खानी करने की कोशिश करते हुए बैड टच किया जिससे आहत होकर पीड़िता किसी तरह वहां से भाग निकली और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। रामानुजगंज पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ करने के साथ ही जांच विवेचना में जुट गई है।

### गैंगस्टर को भगाने के मामले में आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

अंबिकापुर। गैंग्स ऑफ वासेपुर के गैंगस्टर साबिर आलम और उसके सहयोगियों को भगाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस घटना की शिकायत झारखण्ड के धनबाद से बरोरा थाना प्रभारी उप निरीक्षक अभय कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस वारंटी वासेपुर बैंकमोड़ कमर मखदुमी रोड निवासी साबिर आलम आ. सालार आलम छग में पहचान छिपाकर रह रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम 29 जून को रात आठ बजे मोमिनपुरा चौक के पास साबिर आलम को पकड़ा गया था। इस दौरान साबिर आलम ने विरोध करते हुए आस पास मौजूद लोगों को बुला लिया। कार्रवाई के दौरान जुनैद खान, मोहम्मद जाहिद खान एवं अन्य लोगों ने मिलकर आरोपी साबिर आलम को भगा दिया। इस मामले में पुलिस धनबाद पुलिस की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 221, 132, 126(2), 296(बी), 351(3), 263 (ई), 352, 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया।

किसानों के साथ खेतिहर मजदूरों की आजीविका पर भी संकट

# जनकपुर में बारिश नहीं होने से सूखने लगी फसल

हरिभूमि न्यूज. जनकपुर



खरीफ सीजन के बीच मानसून की बेरुखी अब जनकपुर के किसानों के लिए बड़ी चिंता बन गई है। जिस बारिश के भरोसे किसानों ने खेत तैयार किए, बीज खरीदे और धान की बोवाई शुरू की थी, वही बारिश पिछले 10 से 15 दिनों से थम गई है। परिणामस्वरूप कहीं अंकुरित धान की फसल सूखने लगी है तो कहीं खेतों में गहरी दरारें पड़ गई हैं। धान की रोपाई लगभग ठप है और खेती पूरी तरह आसमान की ओर टिकी उम्मीदों पर निर्भर हो गई है। जिले के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में किसान वर्षा आधारित खेती करते हैं।

शुरूआती बारिश के बाद किसानों ने बहेड़ा और जवाई धान की बोवाई कर दी थी, लेकिन लगातार वर्षा नहीं होने से फसलें मुरझाने लगी हैं। जिन किसानों ने अभी तक बोवाई नहीं की है, वे बादलों की राह देख रहे हैं। धरती प्यासी, खेत सूने, बढ़ी किसानों की चिंता जून और जुलाई को खेती-किसानी का सबसे अहम समय माना जाता है, लेकिन इस बार पर्याप्त वर्षा नहीं होने से खेतों में नमी समाप्त हो रही है। बिना नमी के बोवाई करना जोखिम भरा है। यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित होगी और इसका सीधा असर उत्पादन तथा किसानों की आय पर पड़ेगा। किसान सोनसाय ने बताया कि लगभग 10 दिनों से बारिश नहीं हुई है। जिन खेतों में धान की रोपाई की गई थी, वहां पौधे सूखने लगे हैं। हल-बैल और ट्रैक्टर से खेती का काम भी रुक गया है। खेतों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी हैं। क्षेत्र में सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं होने से पूरी खेती बारिश पर निर्भर है। यदि जल्द पानी नहीं गिरा तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। बारिश थमी तो मजदूरी भी रुकी ग्रामीण महिला संगीता ने बताया कि बारिश नहीं होने से खेतों में रोपा लगाने का काम शुरू नहीं हो पाया है। इससे खेतिहर मजदूरों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि खेती का काम रुकने से परिवार की आजीविका प्रभावित हो रही है। अच्छी बारिश के लिए देवगुड़ी और मंदिरों में प्रार्थना ग्रामीण महिला बाबी बाई ने बताया कि गांव के लोग पिछले दो महीनों से अच्छी वर्षा की कामना को लेकर देवगुड़ी और भगवान शंकर के मंदिर की साफ-सफाई, लिपाई-पुताई और पूजा-अर्चना कर रहे हैं। ग्रामीणों को विश्वास है कि भगवान की कृपा से जल्द अच्छी बारिश होगी। सरपंच सुमेर बैगाः अंकुरित धान भी सूखने लगा ग्राम पंचायत के सरपंच सुमेर बैगा ने बताया कि क्षेत्र में 10 से 15 दिनों से बारिश नहीं हुई है। किसानों द्वारा बोए गए बहेड़ा और जवाई धान अंकुरित होने के बाद भी पर्याप्त नमी नहीं मिलने से सूखने लगे हैं। खेतों में दरारें पड़ चुकी हैं। यदि जल्द बारिश नहीं हुई तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा। कृषि विभाग ने दी फसल विविधीकरण की सलाह प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी इंद्रपाल वास्कले ने बताया कि वर्षा की कमी से धान की रोपाई प्रभावित हुई है। जिन किसानों के पास निजी सिंचाई की सुविधा है, वे किसी तरह नर्सरी तैयार कर रोपाई कर रहे हैं, लेकिन बड़े पैमाने पर खेती अच्छी बारिश के बिना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि शासन की उन्नत कृषि योजना के तहत धान के स्थान पर दलहन, तिलहन और मोटे अनाज की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## एक पेड़ मां के नाम सेजस महलपारा में पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

स्वामी आत्मानंद विद्यालय महलपारा में एसएमडीसी की बैठक



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, महलपारा में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने की। बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के विस्तार तथा आगामी शैक्षणिक सत्र की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। प्राचार्य एवं एसएमडीसी सचिव राजीव कुमार जायसवाल ने विद्यालय की वर्तमान उपलब्धियों, संचालित गतिविधियों और भावी विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सभी हितधारकों के सहयोग की आवश्यकता बताई। उन्होंने समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों को चरणबद्ध तरीके से लागू करने का आश्वासन दिया। बैठक में विभिन्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श के बाद छात्रहित और विद्यालय के समग्र विकास से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। सदस्यों ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को और मजबूत बनाने के लिए पूर्ण सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह सहित संवत कुमार रूप, डॉ. एन. सिंह, संदीप सोनी, रविकांत गुप्ता, प्रवीन्द सिंह, सविता मिश्रा, ममता गोयल, रीना जायसवाल, प्रीति खाखा, अभिषेक अग्रवाल, अल्का मिश्रा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा सचिव राजीव कुमार जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

## जल संरक्षण एवं पौधरोपण पर जागरूकता रैली



**बैकुण्ठपुर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ₹कैच द रेन₹ अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को सफल बनाने के उद्देश्य से आज कोरिया जिला कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशन में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान), जिला कोरिया द्वारा कैच द रेन अभियान के अंतर्गत ₹वर्षा का जल बचाओ₹ विषय पर भव्य जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ कलेक्टर कार्यालय, से डिप्टी कलेक्टर राकेश साहू एवं उप संचालक पंचायत एवं प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया आशीष सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

रैली कलेक्टर कार्यालय से प्रारंभ होकर खरवत एवं महुआपारा होते हुए पुनः कलेक्टर कार्यालय परिसर में सम्पन्न हुई। रैली में बिहान से जुड़ी लगभग 150 से 200 स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेशों से युक्त नारे लगाए। रैली जिन-जिन मार्गों से होकर गुजरी, वहां आम नागरिकों को जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन से संबंधित जागरूकता पम्पलेट वितरित कर जल बचाने का संदेश दिया गया। रैली के समापन उपरांत सभी महिलाओं को पौधों का वितरण किया गया तथा उन्हें संकल्प दिलाया गया कि वे इस वर्षा ऋतु में कम से कम 5-5 पौधे लगाकर उनका संरक्षण एवं नियमित देखभाल करेंगी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर राकेश साहू ने उपस्थित महिलाओं को जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए जल बचाने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि वर्षा जल का संरक्षण एवं वृक्षारोपण ही भविष्य की जल सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम है तथा इसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। जिला प्रशासन कोरिया ने जिले के सभी नागरिकों से कैच द रेन अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने, वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण करने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की है।

## सहायक संचालक महिला के गले से चेन लूटकर भागे बाइकर्स

अम्बिकापुर। शहर के बीच कोतवाली थाना क्षेत्र में चैन स्नेचिंग की घटना सामने आई है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर सहायक संचालक पूनम तिवारी के गले से बाइकर्स बदमाश सोने का चैन लूटकर फरार हो गए। इस चैन की कीमत चार लाख रूपए आंकी जा रही है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि श्रीमती पूनम तिवारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ है। पूनम तिवारी दोपहर में लंच के लिए घर गई थीं। दोपहर करीब 2:45 से 3 बजे के बीच वे स्कूटी से वापस जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचीं। स्कूटी खड़ी करने के बाद जैसे ही वे पैदल कार्यालय की ओर बढ़ीं इसी समय बाइक सवार दो युवक उनके पास पहुंचे। बदमाशों ने बाइक की रफ्तार धीमी की और पूनम तिवारी के गले से सोने की चैन झपट ली। घटना इतनी तेजी से हुई कि वे कुछ समझ पातीं, उससे पहले ही दोनों आरोपी गुरुनानक चौक की ओर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कोतवाली थाना और सीएसपी कार्यालय के ठीक सामने स्थित है। ऐसे में थाने के सामने हुई चैन स्नैचिंग से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने कार्यालय और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज में हेलमेट पहने बाइक सवार चैन छीनकर भागते नजर आए। साइबर सेल की मदद से शहर के अन्य कैमरों की भी जांच की गई, जिसमें कुछ जगहों पर नकाबपोश युवकों की तस्वीरें मिली हैं। पुलिस उनकी पहचान करने में जुटी है। इधर पूनम तिवारी के पति और शिक्षक मनोज तिवारी ने बताया कि सोने की चैन का बिल पुलिस को सौंप दिया गया है और शिकायत दर्ज करा दी गई है। चैन करीब 3 तोले की थी, जिसकी वर्तमान कीमत लगभग 4 लाख रुपए है।

## आरटीई के तहत निजी स्कूलों में मिलेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निजी विद्यालयों में कक्षा पहली की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु तृतीय एवं अंतिम चरण की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

इस संबंध में संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार विस्तृत समय-सारणी जारी की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी, कोरिया ने बताया कि निजी विद्यालयों में आरटीई की रिक्त सीटों पर अधिक से अधिक पात्र बच्चों को प्रवेश दिलाने के उद्देश्य से यह अंतिम चरण संचालित किया जा रहा है। अभिभावकों से निर्धारित तिथियों के भीतर आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने तथा आवश्यकता होने पर पूर्व आवेदन में संशोधन करने की अपील की गई है।

### यह रहे महत्वपूर्ण चरण

21 जुलाई 2026 तक जिला स्तर पर विद्यालयवार आरटीई की रिक्त सीटों का प्रकाशन, 22 जुलाई से 5 अगस्त तक पात्र अभिभावकों द्वारा आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं पूर्व आवेदनों में संशोधन। 25 जुलाई से 7 अगस्त तक नोडल प्राचार्यों द्वारा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण, सत्यापन तथा पात्र एवं अपात्र आवेदनों की पोर्टल पर प्रविष्टि। 10 अगस्त से 14 अगस्त तक ऑनलाइन लॉटरी/काउंसलिंग के माध्यम से चयनित बच्चों की सूची (आवंटन) जारी की जाएगी। 17 अगस्त से 25 अगस्त तक चयनित बच्चों का संबंधित निजी विद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा और 20 अगस्त से 27 अगस्त 2026 तक नोडल प्राचार्यों द्वारा प्रवेशित बच्चों की अंतिम प्रविष्टि आरटीई पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी पात्र अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा का पालन करते हुए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करें, ताकि उनके बच्चों को आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश का लाभ मिल सके।

## एसपी ने चरचा थाने का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर (भा.पु.से.) ने चरचा थाना का आकस्मिक निरीक्षण कर पुलिस कार्यप्रणाली एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, अभिलेखों सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

एसपी राठौर ने थाना परिसर की स्वच्छता, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, लंबित अपराध, शिकायत, मर्ग एवं गुम इंसान प्रकरणों के शीघ्र निराकरण तथा गंभीर अपराधों की गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित करने के निर्देश विवेचकों को दिए। उन्होंने कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए। उन्होंने थाना स्टाफ की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए फरियादियों के साथ संवेदनशील, शालीन एवं सम्मानजनक व्यवहार करने, प्रत्येक शिकायत का त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण सुनिश्चित करने तथा महिला, बालक और वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। एसपी ने अपराध नियंत्रण, रात्रि गश्त, स्थायी वारंटों की तामीली, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, गुंडा एवं बदमाश तत्वों पर सतत निगरानी तथा यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के अंत में उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनुशासन, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं टीम भावना के साथ कार्य करने तथा आमजन में सुरक्षा, विश्वास और कानून के प्रति सम्मान का वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर, थाना प्रभारी उप निरीक्षक आनंद सोनी, विवेचकगण एवं थाना स्टाफ उपस्थित रहे।

## 27 कर्मियों को छात्रावास-आश्रमों की अतिरिक्त जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग अंतर्गत संचालित छात्रावासों एवं आश्रमों में पूर्णकालिक अधीक्षकों की कमी को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े ने महत्वपूर्ण प्रशासनिक आदेश जारी किया है। आदेश के तहत जिले के 27 शिक्षकों एवं कर्मचारियों को उनके मूल पद पर कार्य करते हुए निकटस्थ छात्रावासों एवं आश्रमों के अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी तथा आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी।

कलेक्टर द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह किसी भी कर्मचारी का स्थानांतरण नहीं, बल्कि छात्रावास एवं आश्रमों के निर्बाध संचालन के लिए की गई वैकल्पिक प्रशासनिक व्यवस्था है। जिन संस्थानों में अधीक्षक के पद रिक्त हैं अथवा पूर्णकालिक अधीक्षक उपलब्ध नहीं हैं, वहां विद्यार्थियों की सुरक्षा, अनुशासन एवं व्यवस्थाओं को प्रभावित होने से बचाने के उद्देश्य से निकटवर्ती विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों एवं कर्मचारियों को अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है। आदेशानुसार सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी मूल संस्था में शैक्षणिक एवं नियमित दायित्वों का निर्वहन पूर्ववत करते रहेंगे।

### कलेक्टर ने की वैकल्पिक पदस्थापना

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग अंतर्गत संचालित छात्रावासों एवं आश्रमों में पूर्णकालिक अधीक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों को बेहतर आवासीय एवं शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर (आदिवासी विकास) एवं जिला दण्डाधिकारी संतन देवी जांगड़े ने महत्वपूर्ण प्रशासनिक आदेश जारी किया है। कलेक्टर द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह किसी भी अधिकारी या कर्मचारी का स्थानांतरण नहीं है।

## महिला मजूदरों से भरा पिकअप पलटा, दो की मौत, तीन गंभीर

**शंकरगढ़**। शंकरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार देर शाम ग्राम जारगिम अंतर्गत जुड़वानी के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो महिला मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में 7 अन्य सवारों को भी चोटें आई है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है तथा मृतकों के परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम परेवा निवासी 20-25 मजदूर धान की रोपाई करने के लिए ग्राम खैराडीह गए थे। दिनभर खेतों में धान की रोपाई करने के बाद मजदूर शाम को पिकअप क्रमांक जेएच 03 एजे 0223 से अपने गांव लौट रहे थे। वाहन चालक देवचरण चला रहा था। तेज रफ्तार पिकअप ग्राम जारगिम अंतर्गत जुड़वानी के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप में सवार मजदूर सड़क पर दूर जा गिरे तथा घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया सूचना पर शंकरगढ़ पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## जहरीले कीड़ा के काटने से गंभीर युवक की गई जान

अम्बिकापुर। सनावल थाना अंतर्गत ग्राम सलवाही कुर्ल्डीह निवासी अजय कुमार आ. स्व. रामविचार (36 वर्ष) 14 जुलाई की रात पत्नी व बच्चे के साथ सो रहा था। रात लगभग 12 बजे अचानक बिस्तर में छटपटाने लगा और पैर पटकने लगा। पति को छटपटाते देख पत्नी रजमतिया ने पूछा तो पति ने बताया कि उसे कुछ काट लिया है और बेहोश हो गया। परिजन सांप या कोई जहरीले कीड़ा के काटने की आशंका पर शहर के मिशन अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### रिकॉर्ड अद्यतन नहीं...

निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। बिना अनुमति के कार्यालय से अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों को तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने कहा सरकार की मंशा के अनुरूप और आम नागरिकों की सुविधा के लिए बेहतर कार्य करने वाले को प्रोत्साहित भी की जाती हैं ऐसे में सभी अधिकारी कर्मचारी जिम्मेदारी व जवाबदेही के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आवेदन प्राप्त होने के बाद अधिकतम 10 दिनों के भीतर जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार कर संबंधित आवेदक को उपलब्ध कराया जाए, जिससे नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

डिजिटल कार्य प्रणाली अपनाने पर दिया जोर-कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि वर्तमान समय डिजिटल कार्य प्रणाली का है। ऐसे में सभी कर्मचारियों को कम्प्यूटर आधारित कार्यों में दक्ष होना चाहिए। उन्होंने कहा कि तहसील एवं अनुविभागीय कार्यालय किसानों, ग्रामीणों और विभिन्न वर्गों के नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण सेवाओं का केंद्र हैं, इसलिए यहां कार्यरत प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी जिम्मेदारी, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

### वनांचल की अनमोल...

भगवान शिव की बहन के रूप में माना जाता है। श्रद्धालु यहां नारियल, सुपारी सहित पूजन सामग्री अर्पित कर मनोकामनाएं मांगते हैं। उन्होंने बताया कि यह परंपरा पूर्वजों के समय से चली आ रही है। यह कथन स्थानीय ग्रामीणों द्वारा व्यक्त लोकविश्वासों पर आधारित है। इन मान्यताओं के समर्थन में कोई प्रमाणित ऐतिहासिक या वैज्ञानिक साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। ग्रामीण हिरासाय बैगा के अनुसार कई पीढ़ियों से गांव के लोग समान श्रद्धा के साथ यहां पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। सीतामढ़ी क्षेत्र से भी जुड़ी हैं मान्यताएं ग्राम सरपंच सुमेर के अनुसार हर्रि गांव के समीप स्थित सीतामढ़ी क्षेत्र में वर्षों पहले खुदाई के दौरान शिवलिंग प्राप्त हुआ था, जिसके बाद वहां शिव मंदिर का निर्माण कराया गया। मंदिर के समीप स्थित तालाब एवं आसपास मौजूद अवशेषों को भी ग्रामीण प्राचीन मानते हैं और उन्हें एक ही कालखंड से जोड़कर देखते हैं। हालांकि इन दावों की ऐतिहासिक पुष्टि उपलब्ध नहीं है।

## अंडर-14 स्कूल क्रिकेट टीम चयन के लिए ट्रायल

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए अंडर-14 स्कूल क्रिकेट टीम चयन हेतु ट्रायल का आयोजन शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के मिनी स्टेडियम में किया गया। ट्रायल में जिले के विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

चयन प्रक्रिया अनुभवी चयनकतार्ओं की उपस्थिति में पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई। खिलाड़ियों के कौशल, तकनीक, फिटनेस एवं खेल प्रदर्शन के आधार पर टीम के लिए प्रतिभाओं का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी आगामी संभाग स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिताओं में कोरिया जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने जिले के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, विद्यालयों के प्राचार्यों एवं खेल प्रभारियों से खेल गतिविधियों में अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है।

